# Budha Dal Public School Patiala (15 September 15)

**UNIT - I**

**Class - VI**

**Hindi**

**Time: 3 hrs.** **MM: 90**

भाग–क

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

गुरु नानक देव भाईचारे, शांति तथा एकता के प्रचार के लिए जगह-जगह घूमते थे। सत्तर वर्ष की उम्र तक उन्होंने लोगों को सच्चाई का मार्ग बताया। उनके अनेक शिष्य और भक्त थे, जिनमें हिंदू, मुस्लिम तथा सभी जातियों व धर्मों के लोग थे। जब गुरु नानक ने संसार को छोड़ा, तो हिंदू व मुस्लिम शिष्यों में उनके अंतिम संस्कार को लेकर मतभेद हो गया। हिंदू लोग उनका अंतिम संस्कार अपनी रीतियों के अनुसार करना चाहते थे। दूसरी तरफ मुस्लिम उनके शरीर को दफ़नाना चाहते थे। इसी बहस में एक दिन निकल गया। दूसरे दिन, उनके भक्त और शिष्य उस स्थान पर पहुँचे जहाँ गुरु नानक देव का मृत शरीर रखा था। उन्होंने उनके शरीर के ऊपर रखे कपड़ों को जब हटाया तो सभी लोग हैरान हो गए। उन्होंने देखा गुरुदेव का शरीर वहाँ पर नहीं था। उनके शरीर के स्थान पर केवल कुछ फूल अवश्य पड़े हुए थे। इस प्रकार उनके भक्तों ने अपने गुरु से अंतिम संदेश प्राप्त किया कि सभी लोग एक समान हैं। इस शिक्षा को ग्रहण करने के पश्चात गुरु नानक देव जी के स्थान पर प्राप्त पुष्पों को सभी भक्तों में समान रूप से वितरित कर दिया गया।

क) गुरू नानक देव जी लोगों को क्या संदेश देते थे?

ख) कितने वर्ष की उम्र तक उन्होंने लोगों को सच्चाई का मार्ग बताया?

ग) गुरू नानक देव के मृत शरीर पर से कपड़ा हटाने पर सभी हैरान क्यों रह गए?

घ) भक्तों ने अपने गुरू से क्या अंतिम संदेश प्राप्त किया?

प्र2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)

मेरे देश ने सब देशों को, दिंया ज्ञान का था उपदेश।
जियो और जीने दो सबको, सब धर्मो का यह संदेश।
कभी किसी का जी न दुखाओ, देखो सब में वह अखिलेश।
इस धरती को स्वर्ग बनाओ, मिट जाएँगे सभी कलेश।
सभी सुखी हों, सब नीरोग हों, है यह अपनी बात विशेष।
मेल-जोल बढ़ता ही जाए, दुख-दरिद्रता रहे न शेष।

क) सब धर्मो का क्या संदेश है?

ख) कवि कभी क्या न करने को कह रहा है?

ग) सब कलेश कैसे मिट जाएँगे?

घ) अपनी कौन'सी बात विशेष है?

ङ) धरती पर क्या शेष नहीं रहना चाहिए?

P-1

भाग - ख

प्र3. निम्नलिखित क्रियाओं में भाषा का कौन सा रूप प्रयोग होता है? (1)

क) पापा का कहानी सुनाना। - लिखित ☐ मौखिक ☐

ख) ई मेल करना। - लिखित ☐ मौखिक ☐

प्र4. हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या कितनी है? (1)

प्र5. निम्नलिखित शब्दों में सही स्थानपर अनुस्वार तथा अनुनासिक का प्रयोग कीजिए। (2)

क) चाद ख) सुदर ग) मुह घ) सभव

प्र6. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए। (2)

क) बाज़ार ख) थैला

प्र7. उचित संधि-विच्छेद में (✓) सही का निशान लगाइए। (2)

क) दीपावली - 1) दिप+अवली 2) दीप+अवली 3) दीप+आवली

ख) नदीश - 1) नदि+ईश 2) नदी+इश 3) नदी+ईश

प्र8. शब्द किसे कहते हैं? (2)

प्र9. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- (3)

क) घर ख) उपवन ग) आनंद

प्र10. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (2)

क) उदय ख) आदि ग) अमीर घ) अमृत

प्र11. निम्नलिखित उपसर्गों का प्रयोग करते हुए दो-दो नए शब्द बनाइए- (2)

क) बद ख) भर

प्र12. निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह कीजिए- (2)

क) अठन्नी ख) नवरत्न

प्र13. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँट कर उसका भेद बताइए- (3)

क) विद्यार्थी विद्यालय जा रहा है।

ख) श्री कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था।

ग) बुढ़ापा और बचपन जीवन की दो अवस्थाएँ हैं।

प्र14. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर दोबारा लिखिए। (2)

क) मेरा गुड्डा टूट गया।

ख) घोड़ी लगाम छुड़वा कर भाग गई।

प्र15. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त सर्वनाम शब्द भरिए - (3)

क) हमें मोहन पर भरोसा नहीं करना चाहिए। ................ धोखे बाज़ है।

ख) जैसा करोगे, ................ भरोगे।

ग) राधा बोली, "मैं अपना काम .............. करुँगी।"

प्र16. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके दोबारा लिखो- (2)

क) नराज़ ख) चहिए ग) पत्नि घ) कवी

प्र17. निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए- (3)

क) आप आज कहाँ जा रहे हैं

ख) छि यहाँ तो बहुत मच्छर हैं

ग) माँ खाना पका रही है

प्र18. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए - (3)

क) टका सा जवाब देना ख) गाँठ बाँध लेना ग) छक्के छुड़ाना

प्र19. निम्नलिखित लोकोक्तियों को उनके सही अर्थ से मिलाएँ - (2)

| | |
|---|---|
| क) नेकी कर कुएँ में डाल | 1) मूर्ख को अच्छाई का अंदाज़ा नहीं होता |
| ख) अंधों में काना राजा | 2) दिखाने की मित्रता, मन में शत्रुता |
| ग) मुँह में राम बगल में छुरी | 3) उपकार करके कभी जताना नहीं चाहिए |
| घ) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद | 4) मूर्ख लोगों में थोड़ा विद्वान |

## भाग - ग

प्र20. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो- (2)

तम, विवशता, मंत्रमुग्ध, अनुचरों

प्र21. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (3)

आवभगत, विज्ञापन, चहल-पहल

प्र22. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए - (5)

क) कवि किसे अपना आराध्य मानता है?

ख) विजय विभु काका को क्यों नहीं पहचान पाया?

ग) सर आशुतोष मुखर्जी को स्टेशन पर छोड़ने के लिए कौन आने वाला था?

घ) भानजा किस डिवीज़न से इंटर पास हुआ था?
ङ) पंडित शादी राम ने किस से कर्ज़ लिया था?

**प्र23. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** (8)

क) मामा जी की बातों का भानजे पर क्या प्रभाव पड़ा और उसने क्या किया?
ख) 'आ रही रवि की सवारी' कविता के आधार पर सूर्योदय का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
ग) पंडित शादीराम के लिए एक-एक पैसा मोहर जैसा क्यों था?
घ) आशुतोष ने चप्पलें अपने स्थान पर न पाकर क्या किया?

**प्र24.** आजकल लोग पहले की तरह मेहमानों का आदर-सत्कार क्यों नहीं करते? (5)

## भाग - घ

**प्र25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:-** (5)

खेल-कूद और विद्यार्थी, पेड़ पौधे और हम

**प्र26.** बस सेवा के लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

सड़क दुर्घटना में चोट लग जाने तथा विद्यालय न आ सकने के कारण विद्यालय की प्रधानाचार्य को तीन दिन की छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**प्र27.** गरमी की छुट्टियों में यात्रा के संबंध में भाई-बहन का संवाद लिखिए। (5)

**अथवा**

परीक्षा देने के लिए जाते हुए दो मित्रों के बीच का संवाद लिखिए।

**प्र28. दिए गए चित्र को देखकर 20-30 शब्दों में चित्र-वर्णन कीजिए।** (5)

